दिल्ली
Delhi

# मशहूर ब्रांड की पैकिंग में बेच रहे थे नकली घी, गाजियाबाद से दो गिरफ्तार, कई कुंतल नकली घी बरामद



**नई दिल्ली/गाजियाबाद: नवरात्रि के दिनों में देसी घी की डिमांड बाजार में बढ़ जाती है,** बाज़ार में बढ़ती डिमांड का फायदा उठाकर मिलावटी देसी घी बाजार में खपाने की कोशिश की जा रही है. गाजियाबाद के वैशाली में प्रतिष्ठित कंपनी के नाम से नकली देसी घी बेचा जा रहा था. पुलिस ने नकली घी बेचने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है.

इस पूरे प्रकरण की सूचना कंपनी को हुई तो कंपनी ने अपने प्रतिनिधि को भेज कर इसकी शिकायत पुलिस और फूड विभाग में की. मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने दो लोगों को गिरफ़्तार किया है और संबंधित घी के चार सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे गए हैं.

पुलिस के मुताबिक़ नक़ली घी बेचने वाले दो आरोपियों विनय अग्रवाल और भारत अग्रवाल को गिरफ़्तार किया गया है. निजी कंपनी के नक़ली देसी घी को असली बताकर आरोपी जनता को भ्रम में डाल कर इसे सस्ते दामों पर बेच रहे थे और भारी मुनाफा कमाते थे.

## पुलिस ने केस दर्ज किया

गिरफ़्तार आरोपियों के क़ब्ज़े से निजी कंपनी का नकली देसी घी भी भारी मात्रा में बरामद किया गया है. एसीपी इंदिरापुरम के मुताबिक़ गिरफ़्तार आरोपियों के विरूद्ध गाजियाबाद के थाना कौशांबी पर धारा 274, 275 BNS और 63/65 कॉपी राइट एक्ट के अंतर्गत मुक़दमा दर्ज कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है.

Source: https://www.etvbharat.com/hi/!state/food-department-seized-fake-desi-ghee-in-ghaziabad-2-arrested-many-several-quintals-of-fake-ghee-recovered-delhi-news-dls25092404680